Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-32 | सागवाड़ा, रविवार, 16 अक्टूबर, 2022 | भाषा : हिन्दी | ई-पेपर | अवधि: (वार्षिक) | मूल्य-10 रु. | पृष्ठ-1

# हवा में उड़ रहे नेता, ज़मीं पर कमज़ोर दिख रही कांग्रेस

## नए चेहरों को आगे लाने की बात करने वाले नेता ही बन बैठे PCC सदस्य

**सागवाडा।** हवा में उड़ रहे कांग्रेसी नेताओं को ये मालूम नहीं पड़ रहा या फिर वे सब जानते हुए भी अंजान बन रहे हैं कि कांग्रेस की ज़मीनी स्थिति क्या हो गई है? पिछले कुछ सालों में कांग्रेस के बड़े नेताओं से लेकर छोटे स्तर के नेताओं तक के फ़ोटो आपने देखे होंगे। कोई सीएम के साथ चार्टर्ड प्लेन में तो कोई गुजरात और हरियाणा के दौरे में लगा हुआ है तो कोई उनका ख़ास बनने की जुगत में हैं।

हाल ही में PCC मेंबर का चयन हुआ तो वही पुराने चेहरे सामने आए, जी हा वही चेहरे हैं जो समय समय पर युवाओं या नए लोगों को आगे बढ़ाने की बात करते रहते हैं।

### यूथ कांग्रेस की अध्यक्ष डूंगरपुर से बाहर ही नहीं जा सके

गुटबाज़ी की स्थिति यह है कि यूथ कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष डूंगरपुर ज़िले से हैं लेकिन उन्होंने डूंगरपुर डूंगरपुर विधानसभा के अलावा किसी अन्य विधानसभा का दौरा तक नहीं किया उनकी स्थिति यह कर दी गई है कि वे कहीं अपनी टीम तक नहीं खड़ी कर पाए हैं। उन्होंने डूंगरपुर डूंगरपुर विधानसभा के अलावा किसी अन्य विधानसभा का दौरा तक नहीं किया। उनकी स्थिति ये कर दी गई है कि वे कहीं अपनी टीम तक नहीं खड़ी कर पाए हैं।



### वागड़ कभी कांग्रेस का गढ़ रहा

एक समय में वागड़ कांग्रेस का गढ़ कहा जाता था। उसी गढ़ में पिछले चार सालों में कांग्रेस की जो स्थिति हुई है उस से कांग्रेस को उबार पाना मुश्किल लग रहा है। BTP के बढ़ते प्रभाव के बीच BJP है जहां अपने सैकंड लाइन के आदिवासी नेताओं की पूरी फ़ौज तैयार कर रही है वहीं कांग्रेस में आदिवासी नेताओं को कमज़ोर कर किनारे करने की राजनीति हुई। कांग्रेस का आम कार्यकर्ता दबी ज़ुबान में यह बात कर रहा है कि कांग्रेस के राजनीतिक हालात अच्छे नहीं हैं। कभी कांग्रेस का मज़बूत वोट बैंक रहा आदिवासी समाज उससे दूर होता जा रहा है, युवाओं में कांग्रेस की पकड़ कमज़ोर होती जा रही है। BJP जहाँ अपने आप को मज़बूत करने के लिए नित नए नए राजनीतिक कार्यक्रम बनाकर अपने आदिवासी नेताओं को प्रमोट कर रही है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस आपसी खींचतान से ही बाहर नहीं निकल पा रही है।

### सागवाडा में भाजपा की पूरी फ़ौज तैयार


सागवाडा विधानसभा की ही बात करें तो भाजपा में दिग्गज नेता सांसद कनकमल कटारा के बाद जिला प्रमुख सूर्य अहारी, पूर्व प्रधान शंकरलाल डेचा, प्रधान ईश्वर सरपोटा, जयप्रकाश पारगी और नेपथ्य में बैठी अनिता कटारा जैसे नेताओं की फ़ौज तैयार है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे जुड़े संगठनों में काम कर रहे आदिवासी नेताओं की एक लंबी फ़ेहरिस्त है।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस किसी बड़े दूसरे बड़े आदिवासी नाम को जनता के बीच भुना नहीं पा रही है, और जो नाम थे उन्हें भी कमज़ोर किया गया।

# सहस्त्र टोलकिया औदीच्य ब्राह्मण समाज का 21वां स्नेह मिलन समारोह व खेलकूद प्रतियोगिता 30 से गोवाडी में

## कार्यक्रम में डूंगरपुर बांसवाड़ा से जुड़े गाँव हिस्सा लेंगे

**सागवाडा।** सहस्त्र टोलकिया औदीच्य ब्राह्मण समाज डूंगरपुर बांसवाड़ा का 21वां स्नेह मिलन समारोह व खेलकूद प्रतियोगिता गोवाडी में आयोजित होगी। गोवाडी में 30 व 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अशोक जोशी ने बताया है कि आयोजन को लेकर शनिवार को निमंत्रण पत्र का वितरण किया गया जिसके तहत सागवाडा प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा एवं गोवाड़ी सरपंच पुष्पा देवी सरपोटा को निमंत्रण पत्र दिया गया।



यह आयोजन गोवाडी, लिमडी व जोधपुर गांव के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। 30 अक्टूबर रविवार सुबह 9 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन होगा व 31 अक्टूबर सोमवार शाम 4 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। खेल कूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बैडमिंटन, रस्सा कस्सी व कुर्सी दौड़ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बांसवाड़ा, सुंदरपुर, तलवाड़ा, तालोरा, खडगदा, जेठानणा, भीलूड़ा, परनाला, सरेडी , दीवड़ा, भासौर सहित विभिन्न गांवों के पंच एवं खिलाड़ी भाग लेंगे। इस दौरान किशोर भट्ट, डॉ. विजय जोशी, डॉ. रमेश भट्ट, दिनेश जोशी, ईश्वर लाल जोशी, धनेश्वर, अशोक जोशी, रमेश जोशी, तेजकिरण भट्ट सहित कई समाज बंधु मौजूद रहे।

# बिना जाति प्रमाण-पत्र सरकारी नौकरी जॉइन कर सकेंगे

**जयपुर।** राजस्थान में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे कैंडिडेट्स को CM अशोक गहलोत ने बड़ी राहत दी है। OBC (अदर बेकवर्ड क्लास), MBC (मोस्ट बेकवर्ड क्लास) और EWS (इकनॉमिक वीकर सेक्शन) कैटेगरी के कैंडिडेट्स को अब नौकरी जॉइन करते समय जाति प्रमाण पत्र देने की बाध्यता खत्म कर दी गई है। जिन कैंडिडेट्स के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है, वो शपथ पत्र देकर नौकरी जॉइन कर सकते हैं। आइए जानते हैं, जॉइनिंग के बाद आखिर कास्ट सर्टिफिकेट सबमिट करना होगा या नहीं। इस बाबत CM गहलोत ने आदेश जारी कर दिया है। यह स्पष्ट है कि बाद में लेटेस्ट कास्ट सर्टिफिकेट सबमिट करना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर संबंधित विभाग नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा। सरकार के इस फैसले से ग्राम विकास अधिकारी, कंप्यूटर अनुदेशक, पशुधन सहायक और कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है।

# बाइक की टक्कर में घायल दूसरे युवक की भी मौत, 2 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**डूंगरपुर।** रामसागडा थाना क्षेत्र में हिम्मतपुर के पास दो बाइक की टक्कर में घायल दूसरे युवक की भी मौत हो गई है। युवक का उदयपुर के अस्पताल में इलाज चल रहा था। युवक की मौत से 2 बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

रामसागडा थानाधिकारी अमृतलाल मीणा ने बताया की भीमराज कोपचा मीणा निवासी झापा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की उसका बेटा सुनील कोपचा (25) और संजय तराल (25) दोनों 12 अक्टूबर को मोटरसाइकिल से घर की तरफ आ रहे थें। गांव के पास आते ही पीछे से आ रही एक दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में संजय और सुनील दोनों लहूलुहान होकर गंभीर घायल हो गए थे। दोनो घायलों को डूंगरपुर अस्पताल लेकर गए। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद संजय को मृत घोषित कर दिया कर दिया था। जबकि गंभीर घायल सुनील कोपचा की हालत गंभीर होने पर उदयपुर के लिए रेफर कर दिया था। उदयपुर अस्पताल में इलाज के दौरान सुनील की भी आज रात के समय मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को लेकर डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी पहुंचे। वही सूचना पर रामसागड़ा थाने से हेड कांस्टेबल ईश्वरलाल अस्पताल पहुंचे। पिता भीमराज की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक्सीडेंट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# स्कूटी की टक्कर से युवक की मौत, रिश्तेदार से मिलकर लौट रहा था गांव

**डूंगरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में कलाल घाटा के पास एक स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक रिश्तेदार को मिलकर अपने घर जा रहा था। पुलिस ने स्कूटी को जब्त कर लिया है। वही उसके चालक को भी हिरासत में ले लिया है।

कोतवाली थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया की दलजी पुत्र जीवा डिंडोर निवासी अमरपुरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

इसमें बताया की उसका बेटा अनिल डिंडोर (22) कल शुक्रवार रात के समय अपने रिश्तेदार को मिलने कलाल घाटा गया था। वहा से अनिल डिंडोर पैदल घर आने के लिए निकला। कलाल घाटा के पास गाड़ी का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान आई एक तेज रफ्तार स्कूटी ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके शरीर पर कई जगह चोटें आई। गंभीर हालत में अनिल को डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। इलाज के दौरान अनिल की मौत हो गई। इसके बाद परिवार में मातम पसर गया। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

शव को अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। आज शनिवार को पुलिस ने पिता दलजी की रिपोर्ट पर स्कूटी चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है। वही शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपर्द कर दिया है। पुलिस ने स्कूटी को जब्त करते हुए चालक को भी हिरासत के ले लिया है।

# इनके झगड़े पर बोलेंगे तो BJP को जिम्मेदार ठहराएंगे : शेखावत

**जयपुर।** राजस्थान में सियासी हालात को लेकर गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने दैनिक भास्कर खास बातचीत की।

पिछले दिनों केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत प्रदेश दौरे पर रहे। प्रदेश में मध्यावधि चुनाव, कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई और भाजपा में यात्राओं को लेकर उठ रहे । प्रदेश की कांग्रेस दो हिस्सों में खड़ी है। अब हम इनके झगड़े पर कुछ कहेंगे तो मुख्यमंत्री भाजपा को जिम्मेदार ठहराएंगे। वैसे, कांग्रेसियों के इस्तीफे विधानसभा अध्यक्ष के पास पड़े हैं, जैसा कि दावा किया जा रहा है। इनके हालात बहुत खराब हैं। आलाकमान प्रतिदिन कमजोर हो रहा है।

# 10 साल की बच्ची से रेप-मर्डर करने वाले को फांसी

**पाली।** 10 साल की बच्ची से रेप और हत्या करने के आरोपी को कोर्ट ने शनिवार को फांसी की सजा सुनाई । पॉक्सो कोर्ट का फैसला आते ही बच्ची के पिता की आंखों में आंसू आ गए। वह रोते हुए बोला- आज मेरी बेटी की आत्मा को शांति मिलेगी। इधर, सजा सुनने के बाद भी आरोपी दबंगता से बाहर आया।

# दाऊदी बोहरा समाज ईद मिलाद एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया

**डूंगरपुर।** जिले में दाऊदी बोहरा समाज की ओर से कौमी एकता की मिसाल पेश करते हुए आज ईद मिलाद एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शहर के शास्त्री कॉलोनी स्थित बद्री मस्जिद हॉल में आयोजित हुए समारोह में लोकसभा सांसद कनकमल कटारा, राजस्थान एग्रो बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमकुमार पाटीदार, नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ और डीएसपी राकेश शर्मा सहित सभी धर्म एवं समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए बोहरा समाज के आमिल शेख मोहम्मद कोटावाला ने कहा कि बोहरा समुदाय के लोग दुनिया के कई देशों में निवास करते है और जिस देश मे रहते है उस देश के कानून, त्योहारों ओर सभी धर्म के लोगो का सम्मान करते है। उनहॉने कहा कि सैयदना साहब के नेतृत्व में बोहरा समुदाय का हर व्यक्ति वतन परस्ती के साथ सभी का सम्मान करने में विश्वास रखता है। सांसद कनकमल कटारा ने बोहरा समुदाय की इस पहल की तारीफ करते हुए सभी धर्म के लोगो को सामाजिक सौहार्द ओर प्रेम बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर सभी लोगो ने एक दूसरे के गले मिल ईद ए मिलाद ओर दीवाली की शुभकामनाएं भी दी।

# बुजुर्ग की हत्या का आरोपी प्रेमी गिरफ्तार, मृतक की पत्नी के साथ मिलकर की थी वारदात

## गडाजसराजपुर गांव में घर में बुज़ुर्ग की हत्या का मामला

**डूंगरपुर।** चितरी थाना पुलिस ने गडाजसराजपुर गांव में घर में बुजुर्गके हत्याके मामले में आरोपी प्रेमी को भी गिरफ्तार कर लिया है। जबकि हत्या में आरोपी मृतक की पत्नी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की ये वारदात की थी।

चितरी थानाधिकारी नरपतसिंह ने बताया की गडाजसराजपुर गांव में 11 अक्टूबर की सुबह तुलसीराम सुथार (58) का शव लहूलुहान हालत में घर में पड़ा हुआ मिला था। तुलसीराम सुथार के सिर, हाथ पैर पर कई जगह चोंट के निशान थे। वही तुलसीराम की पत्नी चमेली देवी भी उसके साथ ही सोई थी लेकिन उसको हत्या की भनक तक नहीं लगी थी। मामले में पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौप दिया था। वही पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस को मृतक बुजुर्ग की पत्नी चमेली देवी पर संदेह था। जिसके चलते पुलिस ने चमेली देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। करीब दो दिन की पूछताछ की बाद चमेली देवी ने हत्या का राज खोला और अपने पति की हत्या करना कबूल कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पत्नी चमेली देवी को गिरफ्तार कर लिया था। वही मामले में फरार प्रेमी गडाजसराजपुर निवासी दिनेश पुत्र लक्ष्मण डेण्डोर की तलाश की जा रही थी। थानाधिकारी ने बताया की मृतक की पत्नी के आरोपी दिनेश के साथ प्रेम सम्बन्ध थे। 10 अक्टूबर की रात को बुजुर्ग तुलसीराम के सो जाने के बाद उसका प्रेमी दिनेश डेण्डोर उससे मिलने आया था। इस दौरान तुलसीराम ने अपनी पत्नी चमेली व उसके प्रेमी दिनेश को मिलते हुए देख लिया था। चमेली व दिनेश को इसका पता चलने पर दोनों ने मिलकर तुलसीराम की हत्या कर दी थी। पुलिस ने आज आरोपी दिनेश को भी गिरफ्तार कर लिया है। वही आरोपी प्रेमी ने भी हत्या की वारदात कबूल कर ली है। वही आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# पूर्व विधायक सुरेंद्र बामणिया ने किया सामाजिक समरसता क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सागवाड़ा।** सागवाडा उपखंड अंतर्गत पाडला हांडलिया ग्राम पंचायत में भरत रोत व संकर ननोमा द्वारा आयोजित छह दिवसीय सामाजिक समरसता क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक सुरेंद्र बामणिया ने किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पवन गोवाडिया ने की कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुरेंद्र बामणिया विशिष्ट अतिथि कुलदीप भाई गांधी कपिल भाई वरिष्ठ अधिवक्ता रवि भाई देवीलाल, गोविंद भाई थे । इस दौरान पूर्व विधायक सुरेंद्र



बामणिया ने कहा कि ग्राम पंचायत पाडला हांडलिया के सरपंच पति कचरा मालीवाड द्वारा इस तरह के आयोजन अपनी ग्राम पंचायत में करवाए जाते हैं जिससे सामाजिक समरसता और सौहार्द की भावना बढ़ती है उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलते हुए हार जीत को स्वीकार कर एक दूसरे से प्रेम भाव बढ़ाने की बात पर जोर दिया । उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से एक दूसरे में नेतृत्व और परिचय का भाव पैदा होता है इस कार्यक्रम का संचालन देवीलाल फलोत ने किया और आभार गोविंद फलोत ने व्यक्त किया । इस दौरान तीन पैंथर नाल वरदा और टीम नौगामा के बीच प्रथम मैच आयोजित हुआ जिसके कप्तान राहुल रोत व महेंद्र डिंडोर थे एंपायर विमल प्रकाश रोत और राकेश अहारी नियुक्त किए गए। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण और तिलक लगाकर किया गया । नारायण भाई लाल सिंह मरता भाई कचरा भाई भुर्जी भाई लक्ष्मण भाई सोहन भाई केवल भाई सहित कई लोग मौजूद थे।

